भारत सरकार/ GOVT OF INDIA
सीमाशुल्क आयुक्त (एन एस -I) का कार्यालय,
OFFICE OF THE COMMISSIONER OF CUSTOMS (NS-I)
सीमाशुल्क मुंबई अंचल II , जवाहरलाल नेहरू सीमाशुल्क भवन, राजभाषा अनुभाग,
MUMBAI CUSTOMS, ZONE II, JAWAHARLAL NEHRU CUSTOM HOUSE,
न्हावा शेवा, उरण, जिला रायगड , महाराष्ट्र/ Nhava Sheva, Uran, Raigad, Maharashtra – 400707

फाइल संख्या- GEN/4738/2025-P AND E-O/O COMMR-CUS-GEN-NHAVA SHEVA

सीमाशुल्क मुंबई, अंचल- II, एन एस-I आयुक्तालय की
जनवरी - मार्च 2026 तिमाही की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का कार्यवृत्त

सीमाशुल्क आयुक्तालय (एन एस-I), न्हावा शेवा की चौथी तिमाही की राजभाषा कार्यान्वयन समिति (OLIC) की बैठक दिनांक 27.02.2026 को अपराह्न 04:00 बजे आयोजित की गई । बैठक में एन एस-I कार्यालय के निम्नलिखित सदस्य उपस्थित थे ।

क्रम संख्या	अधिकारियों के नाम सर्वश्री/श्रीमती/सुश्री	पदनाम / Designation
1.	यशोधन अरविन्द वनागे	प्रधान आयुक्त, सीमाशुल्क (एन एस-II) एवं अध्यक्ष
2.	के महिपाल चंद्र	अपर आयुक्त, सीमाशुल्क
3.	जय वाघमारे	संयुक्त आयुक्त, सीमाशुल्क
4.	डॉ पारुल सिंघल	संयुक्त आयुक्त, सीमाशुल्क
5.	अतुल चौधरी	उप आयुक्त, सीमाशुल्क
6.	लिखिता वी उमरे	उप आयुक्त, सीमाशुल्क
7.	चतुर्भुज मीना	सहायक आयुक्त, सीमाशुल्क
8.	आशीष चौधरी	अधीक्षक (निवारक)
9.	अंशुल तंवर	अधीक्षक (निवारक)
10.	सुवर्णलता वाघमारे	मूल्यांकक
11.	शाश्वत सिंह	कनि. अनुवाद अधिकारी एवं सदस्य सचिव

सदस्य सचिव के द्वारा उपस्थित अध्यक्ष महोदय एवं समिति के सदस्यों का स्वागत किया गया एवं अनुमति के साथ बैठक की कार्रवाई आरंभ की गई ।

दिनांक 02.12.2025 बैठक में लिए गए विभिन्न निर्णयों की अनुपालन स्थिति

1. एन एस I आयुक्तालय में नवीन राजभाषा कार्यान्वयन समिति का गठन किया गया है एवं संयुक्त आयुक्त को राजभाषा अधिकारी का नामित किया गया ।

   (कार्रवाई पूर्ण/Action completed)

2. राजभाषा के प्रचार प्रसार हेतु राजभाषा विभाग द्वारा निर्धारित हिन्दी भाषा की श्रेष्ठ पुस्तकों की खरीद कर ली गई है और उसकी सूचना अधिकारियों को भी दे दी गई है ताकि वे इसका लाभ उठाएँ ।

   (कार्रवाई पूर्ण /Action completed)

3. एन एस I आयुक्तालय में फाइलों के सुगम संचालन हेतु राजभाषा चैनल का निर्माण किया गया ।

   (कार्रवाई पूर्ण /Action completed)

4. एन एस I आयुक्तालय के विभिन्न अनुभागों से हिन्दी तिमाही प्रगति रिपोर्ट एवं संपर्क बनाए रखने के लिए राजभाषा संपर्क अधिकारी का नामांकन किया गया ।

   (कार्रवाई पूर्ण/Action completed)

5. अध्यक्ष महोदय के निर्देशानुसार एन एस I आयुक्तालय के सभी अनुभागों में आंतरिक राजभाषा निरीक्षण किया गया एवं नियमित प्रेषित की जाने वाली मासिक/तिमाही रिपोर्ट के प्रारूप एकत्र किए गए और उनका द्विभाषिक प्रारूप अनुभागों को दिया गया ।

   (कार्रवाई पूर्ण/Action completed)

दिनांक 27.02.2026 को संपन्न OLIC बैठक में लिए गए निर्णय :-

6 **तिमाही रिपोर्ट का तुलनात्मक अध्ययन.** बैठक में विगत दो तिमाहियों की हिन्दी प्रगति रिपोर्ट पर चर्चा की गई एवं हिन्दी का कार्य प्रतिशत बढ़ाने के लिए किए जाने वाले प्रयासों का सुझाव दिया।

(कार्रवाई - हिन्दी अनुभाग, सभी अनुभाग)

7 **नराकास की सदस्यता ग्रहण करने से संबंधित-** इस संदर्भ में कार्यान्वयन समिति को वित्त मंत्रालय, राजस्व विभाग एवं डीजीपीएम, नई दिल्ली से प्राप्त नराकास सदस्यता ग्रहण करने हेतु संबंधित पत्र के बारे में सूचित किया गया।

(सूचनार्थ - सभी अनुभाग, एन एस-I)

8) **हिन्दी कार्यशाला** - बैठक में जनवरी-मार्च तिमाही में आयोजित होने वाली कार्यशाला पर चर्चा की गई। उनकी उपस्थिति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सुझाव दिया गया कि कार्यशाला हेतु अधिकारियों का नामांकन राजभाषा अधिकारी द्वारा किया जाए। इस विषय पर अध्यक्ष महोदय द्वारा निर्देश दिया गया कि नामांकित अधिकारी अनिवार्य रूप से कार्यशाला में भाग लें।

(कार्रवाई - हिन्दी अनुभाग, एन एस-I)

9) **सहायक निदेशक-राजभाषा पद के रिक्त पद को भरने के संबंध में :** समिति को सूचित किया गया कि कुल कार्मिकों की स्वीकृत संख्या (Sanctioned strength) के आधार पर 'एन एस -I आयुक्तालय' में सहायक निदेशक - राजभाषा के पद की स्वीकृति होनी चाहिए । अध्यक्ष महोदय ने इस विषय पर मापदंड के आधार पर अनुसचिवीय पदों को परिभाषित किए जाने के निर्देश दिए जिसमें निरीक्षक पद एवं उसके नीचे के पदों को शामिल हैं ।

(कार्रवाई - हिन्दी अनुभाग, एन एस-I)

बैठक में अन्य कोई विषय शेष न होने के कारण अध्यक्ष महोदय तथा सदस्यों के प्रति धन्यवाद प्रकट करते हुए बैठक अपराहन 04:15 बजे सम्पन्न हुई ।

Digitally signed by
Parul Singhal
Date: 06-03-2026
11:01:21

डॉ पारुल सिंघल
(संयुक्त आयुक्त, सीमाशुल्क)